कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009
दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275


आज़ादी का अमृत महोत्सव

सं.AN/II/2023/PCA/2023-24 **परिपत्र** दिनांक: 15.05.2023

सेवा में,

1. रक्षा लेखा नियंत्रक आई.टी.एस.डी.सी., सिकंदराबाद।
2. प्रभारी रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक, वे.ले.का(अ.श्रे) ई.एम.ई, सिकंदराबाद।
3. प्रभारी रक्षा लेखा उप नियंत्रक, क्षेत्रीय लेखा कार्यालय(थलसेना), वैजाग।
4. प्रभारी रक्षा लेखा उप नियंत्रक, वे.ले.का(अ.श्रे) सेना आयुध कोर, सिकंदराबाद।
5. सभी उप-कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)
6. मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग।

(वेबसाइट/ई-मेल के द्वारा)

विषय: पर्सनल कम्प्यूटर खरीदने के लिए अग्रिम हेतु आवेदन के संबंध में ।

@@@@@

कम्प्यूटर खरीदने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी कृपया इसके साथ संलग्न निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन प्रस्तुत करें। उपरोक्त अग्रिम आहरित करने के इच्छुक व्यक्तियों को अग्रिमों पर नियमों का GFR संग्रह, 2005 के नियम 21(5) को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

नियम 21(5) के प्रावधानों के अनुसार, सभी सरकारी कर्मचारियों को पर्सनल कम्प्यूटर अग्रिम के रूप में 50,000/- रूपये या पी सी(PC) की वास्तविक कीमत, जो भी कम हो, दी जा सकती है।

सरकारी कर्मचारी, जिन्होने पर्सनल कम्प्यूटर की खरीद के लिए इससे पहले अग्रिम लिया है और पहले की निकासी से तीन वर्ष की अवधि समाप्त नहीं हुयी है, वे पर्सनल कम्प्यूटर की खरीद के लिए दूसरी बार या उसके बाद के अवसरों पर अग्रिम पाने के पात्र नहीं होंगे।

जो अधिकारी/कर्मचारी पूर्व में आवेदन कर चुके है और जिनको पर्सनल कम्प्यूटर अग्रिम स्वीकार नहीं किये है, वे नए सिरे से आवेदन कर सकते है।

परिपत्र के अंश सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में परिचालित किये जाएँ। पी सी(PC) अग्रिम के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भरे गये आवेदन दिनांक 15.06.2023 तक इस अनुभाग में प्राप्त हो जाने चाहिए।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया।

हस्ता/-
(एम. सुभाष कुमार)
सहायक नियंत्रक(प्रशा)

प्रतिलिपि:

आई.टी. अनुभाग, स्थानीय - वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

(के रामकृष्णा)
लेखा अधिकारी(प्रशा)